वर्षः 14 - अंक : 157, मुंबई, शनिवार, 17 अगस्त, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## म्हाडा और एसआरए में फ्लैट दिलाने के नाम पर 40 लोगों से ठगी
# दो आरोपी गिरफ्तार




मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** नेहरू नगर पुलिस ने म्हाडा और एसआरए योजनाओं में सस्ती दरों पर फ्लैट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक यूसुफ सौदागर के अनुसार आरोपियों के खिलाफ मुंबई के अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में कई मामले दर्ज हैं, जो आपराधिक व्यवहार के पैटर्न को दर्शाता है। इसके अलावा, एक लोकप्रिय रियल एस्टेट वेबसाइट 99 एकड़ प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी लोगों को ठगा है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### म्हाडा ने सावधानी बरतने कहा

*बता दें कि महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) ने कुछ दिनों पहले मुंबई लॉटरी के 2030 घरों का ऐलान किया है, जिसे अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ म्हाडा के नाम का इस्तेमाल करके और फेक वेबसाइट बनाकर लोगों को ठगा जा रहा है। म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने इस विषय को लेकर लोगों को सावधानी बरतने के लिए कहा है। क्योंकि म्हाडा का फ्लैट किसी अन्य तरीके से वितरित नहीं किया जा सकता है।*



## राहुल गांधी की सभा पर मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने जताई आपत्ति

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 20 अगस्त को मुंबई में बैठक करने वाले है। बताया जा रहा है कि यहीं से महाविकास अघाड़ी चुनाव प्रचार की शुरूआत करने वाली है। लेकिन इससे पहले ही यातायात पुलिस ने इस बैठक पर आपत्ति जताई है। मुंबई की ट्रैफिक पुलिस ने 20 अगस्त को बीकेसी में आयोजित होने वाली कांग्रेस की सभा पर आपत्ति जताई है। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि इस सभा से शहर में जाम लगने की संभावना है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस का आपत्ति जताने के बाद कांग्रेस के आक्रामक होने की संभावना है। मिली जानकारी के अनुसार, कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 80 वीं जयंती की मौके पर मुंबई में एक बैठक का आयोजन किया है। यह बैठक मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में आयाजित की गई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### बीकेसी में ट्रैफिक जाम की समस्या

*पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मेट्रो कंस्ट्रक्शन की वजह से पहले ही बीकेसी में ट्रैफिक जाम की समस्या होती है। कांग्रेस की सभा में करीब 20 हजार से ज्यादा लोग आने की संभावना है। ये सभी लोग मुंबई और आस पास के इलाके से बीकेसी पहुचेंगे। जिसकी वजह से ट्रैफिक पर इसका बहुत ही बुरा असर पड़ने की संभावना है।*

## महाराष्ट्र श्रम विभाग के सहायक आयुक्त दाभाड़े पर एफआईआर दर्ज

### महिला टाइपिस्ट ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप



मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** पायधुनी पुलिस ने महाराष्ट्र सरकार के श्रम विभाग के सहायक आयुक्त दिनेश दाभाड़े के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार दाभाड़े पहले श्रम विभाग के अध्यक्ष थे, उन पर कॉन्ट्रैक्ट बेस पर काम करने वाली 36 वर्षीय महिला टाइपिस्ट ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में अभी गिरफ्तारी नहीं की है और मामले की जांच करने की बात कह रही है। हालांकि दाभाडे ने आरोपों का खंडन किया है और पुलिस जांच में सहयोग करने की बात कह रहें है। एफआईआर के अनुसार, पीड़िता अप्रैल 2019 से मस्जिद बंदर में मेटल, पेपर मार्किट एंड शॉप में काम करती थी। जुलाई 2023 में दाभाड़े को विभाग के अध्यक्ष के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। अपने पहले दिन, पीडिता कार्य अनुभव और योग्यता के बारे में जानने के बाद, उन्होंने सुझाव दिया कि वह लेखा विभाग में एक पद के लिए आवेदन करे। एफआईआर के अनुसार, उसने आवेदन दायर किया और एक सहकर्मी ने उसे बताया कि उसे लेखा विभाग में सहायक के रूप में पदोन्नत किया जाएगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# महाराष्ट्र के स्वाभिमान को बचाने की लड़ाई है...
## 'महाविकास आघाडी गठबंधन के उम्मीदवार का करेंगे समर्थन'

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। सभी पार्टियों ने अपनी अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसके ही मद्देनजर शुक्रवार को महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारियों की मुंबई में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उद्धव ठाकरे ने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित किए जाने वाले, महाविकास आघाडी गठबंधन के उम्मीदवार का वह समर्थन करेंगे। महाविकास आघाडी की बैठक में उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव राज्य के आत्मसम्मान की रक्षा की लड़ाई के लिए होंगे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि महाविकास आघाडी गठबंधन के कार्यकर्ता महाराष्ट्र के गौरव और सम्मान की रक्षा के लिए अपने निजी हितों से ऊपर उठकर काम करें। (शेष पृष्ठ 3 पर)



## क्या प्रधानमंत्री मोदी ने हिंदुत्व छोड़ दिया?

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने संबोधन में देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत किए जाने पर ठाकरे ने सवाल किया कि क्या उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया है? उन्होंने वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधा और पूछा कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूर्ण बहुमत में थी तो इसे पारित क्यों नहीं किया गया।

## हमारी बात

### महाराष्ट्र से भाजपा को उम्मीद?

**भारतीय** जनता पार्टी चाहती थी कि महाराष्ट्र और झारखंड में उसे थोड़ा समय और मिले। यह संयोग देखिए कि चुनाव आयोग ने दोनों राज्यों के चुनावों की घोषणा नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पहले लाल किले से अपने भाषण में भगवान बिरसा मुंडा का जिक्र भी किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह अलग बात है कि उनके जन्म का साल वे गलत बता गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पहले स्वतंत्रता संग्राम यानी 1857 की लड़ाई में एक आदिवासी युवक ने, जो उस समय 20 साल का था, अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। उन्होंने कहा कि उस युवक को भगवान बिरसा मुंडा कहा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी डेढ़ सौवीं जयंती आ रही है। सोचें, अगर बिरसा मुंडा 1857 में 20 साल के थे, तो उनकी डेढ़ सौवीं जयंती अब कैसे मनेगी, जबकि 1857 की क्रांति की डेढ़ सौवीं जयंती 2007 में ही मन चुकी है? असल में बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को हुआ था और इसलिए 15 नवंबर को ही अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ था। तभी अगले साल बिरसा मुंडा की डेढ़ सौवीं जयंती मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री इस तरह की बातें करते रहते हैं। बहरहाल, भाजपा को महाराष्ट्र और झारखंड से बड़ी उम्मीदें हैं। अलग अलग कारणों से दोनों राज्यों में भाजपा थोड़ा समय चाहती थी। पहले महाराष्ट्र की बात करें तो वहां राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार ने ढेर सारी रेवड़ियों की घोषणा की है। वहा रेवड़ियां बांटने की तैयारी चल रही है। राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश की लाड़ली बहना योजना की तर्ज पर लड़की बहन योजना की घोषणा की है। इसके तहत सभी महिलाओं को हर महीने डेढ़ हजार रुपए देने की घोषणा है। इसकी पहली किश्त महिलाओं के खाते में ट्रांसफर होने ही वाली है। इसी तरह महाराष्ट्र सरकार ने लाड़ला भाई नाम से भी योजना घोषित की है, जिसके तहत लड़कों को नकद रुपए मिलने हैं। उसकी भी किश्त खातों में जाने वाली है। कांग्रेस की ओर से घोषित एप्रेंटिसशिप योजना का ऐलान भी राज्य सरकार ने किया है, जिसके तहत पढ़ने वाले और डिग्रीधारी बेरोजगार युवकों को नकदी दी जाएगी। भाजपा इन योजनाओं का लाभ पहुंचने के बाद ही चुनाव में जाना चाहती थी। सोचें, यह कैसा अद्भुत संयोग है कि भाजपा चाहती थी कि महाराष्ट्र का चुनाव थोड़ी देरी से हो और चुनाव आयोग ने देर कर भी दी। उसने जम्मू कश्मीर और हरियाणा के साथ महाराष्ट्र का चुनाव घोषित नहीं किया।

# निर्देशक एम आर खान के निर्देशन में बनने वाली, निर्माता एम के राजपूत की वेब सीरीज जिसकी लाठी उसकी भैंस व निर्माता दिनेश के ढाबी की वेब सीरीज सुन के पोस्टर लॉन्च

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** एमके फिल्म एंड टेलीविजन प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित की जा रही निर्देशक एम आर खान की वेब सीरीज 'सुन' एवं 'जिसकी लाठी उसकी भैंस' के पोस्टर मुंबई के इम्पा थिएटर में लांच किए गए। दोनों सीरीज के प्रोमो स्क्रीन पर दिखाए गए जहां सभी ने प्रोमो और इसके कॉन्सेप्ट को पसन्द किया। मुम्बई के पूर्व एसीपी संजय पाटिल इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। साथ ही निमार्ता एमके राजपूत और दिनेश के ढाबी की उपस्थिति भी दर्ज की गई।




किसी इंसान को इतना मत सुनाओ कि वह सुन सुन कर उकता जाए और जब वह अपनी सुनाने पर उतर जाए तो सब खामोश हो जाएं। यह वेब सीरीज सुन इसी मुद्दे पर बेस्ड है। सच्ची घटना से प्रेरित यह सीरीज एक कड़वा सच दिखाती है। वेब सीरीज सुन में बीता हुआ कल सामने आ सकता है। इस अवसर पर निर्देशक एमआर खान की अपकमिंग सीरीज जिसकी लाठी उसकी भैंस की घोषणा भी की गई। दोनों फिल्मों के पोस्टर का अनावरण किया गया। एमके फिल्म्स टेलीविजन प्रोडक्शन्स द्वारा प्रस्तुत डायरेक्टर एम आर खान की सीरीज जिसकी लाठी उसकी भैंस के प्रोड्यूसर एम के राजपूत और एमआर खान हैं। सह निर्माता के के शर्मा और क्रिएटिव डायरेक्टर रिहाना खान, डीओपी कुंदन, लेखक मोती सुल्तानपुरी और विंध्या शुक्ला हैं।'जिसकी लाठी उसकी भैंस' हमारे देश भारत के बारे में है। भारत की एकता और भाईचारे का सन्देश देती, इस सीरीज में बताया जाएगा कि कैसे कुछ लोग भारत को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं इसलिए हमें मिलजुल कर रहना है और एकता की मिसाल फिर से कायम करनी है। चीफ गेस्ट पूर्व एसीपी संजय पाटिल ने दोनों सीरीज के लिए निर्माताओं व निर्देशक को ढेर सारी शुभकामनाएं दीं और कहा कि देश की सुरक्षा सबसे जरूरी है। यह देश है तो हम हैं, इसलिए देश सर्वोपरि है और यह सीरीज इसी मैसेज को आगे बढ़ाती है। वेब सीरीज में मिस रिज्जु, मुस्कान, सुनील, प्रिया ठाकुर, कल्याणी, इशिता चक्रवर्ती सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस मौके पर वंदे मातरम गीत भी दिखाया गया जिसे साजन सरहदी ने कम्पोज किया है और गाया है फीमेल आवाज इशिता चक्रवर्ती की है। निर्देशक एम आर खान ने कहा कि दोनों वेब सीरीज की जल्द शूटिंग शुरू होगी। हम सब बेहद उत्साहित हैं और प्रोड्यूसर एम के राजपूत व दिनेश के ढाबी का शुक्रिया अदा करते हैं। निर्देशक एम आर खान की सीरीज सुन के निमार्ता दभी दिनेश कुमार प्रभात, लेखक बाबा खान व मो. राशिद खान, डीओपी कुंदन हैं। डायरेक्टर एमआर खान ने बताया कि सुन एक महिला प्रधान सीरीज है जिसमे महिला सशक्तिकरण की बात दर्शाई जाएगी। इसमें दर्शकों को और समाज को महत्वपूर्ण सन्देश दिया गया है।

# सभी अधिकारियों को अपना कार्य ठीक से करने के सख्त निर्देश दिए गए




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बाबागंज** ब्लाक और बिहार ब्लाक की क्षेत्र पंचायत की बैठक में समस्त सम्मानित ग्राम-प्रधानगण, बीड्डीड्डसी गण एवं समस्त कार्यकर्ताओ के समक्ष सभी अधिकारियों से सरकारी योजनाओं के विषय में समीक्षा की एवं सभी अधिकारियों को अपना कार्य ठीक से करने के सख्त निर्देश भी दिए। इस बैठक में जनसत्ता दल के राष्ट्रीय महासचिव डॉड्ड श्री कैलाशनाथ ओझा जी, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बाबागंज श्री विनोद सरोज जी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री कुलदीप पटेल जी एवं समस्त जिला पंचायत सदस्यगण एवं ब्लाक प्रमुख बाबागंज एवं बिहार, पूर्व ब्लाक प्रमुखगण आदि लोग मौजूद रहे। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय का औचक निरीक्षण भी किया एवं व्यवस्था ठीक करने के उचित निर्देश भी दिए।

# ईश्वास्यम इंटर कॉलेज में प्रबंधक अक्षत पांडे एवं प्रधानाचार्य शाकिर अली द्वारा किया गया ध्वजारोहण




**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**तुलसीपुर** नगर स्थित ईश्वास्यम इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण प्रबंधक अक्षत पांडे एवं प्रधानाचार्य शाकिर अली द्वारा किया गया। जिसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री ऋतिक चौरसिया की भी उपस्थिति रही एवं वही तुलसीपुर नगर स्थित गुरुकुल कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में प्रबंधक संजय कसौधन के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया जिसमें मंडल महामंत्री ऋतिक चौरसिया की उपस्थिति रही। मंडल महामंत्री रितिक चौरसिया ने इश्यवास्यम इंटर कॉलेज के शिक्षा की तारीफ करते हुए प्रबंधक अक्षत पांडे का बच्चों की प्रति प्यार दुलार एवं सर्वोच्च शिक्षा देख मन प्रसन्न होने को कहा एवं गुरुकुल कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में चल रहे कौशल विकास मिशन के तहत बच्चों को निशुल्क शिक्षा की भी तारीफ की।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# शिवसेना पार्टी महिला सेना सातारा जिला संपर्क प्रमुख सौ. हेमलता लक्ष्मण शिंदे नियुक्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**सातारा।** पूज्य हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे एवं शिव सेना प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे (मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र राज्य) के आदेशानुसार शिवसेना पार्टी महिला सेना सातारा जिला संपर्क प्रमुख पद की जवाबदारी सौ. हेमलता लक्ष्मण शिंदे को नियुक्ति पत्र शिवसेना प्रमुख एवम महाराष्ट्र राज्य मुख्यमंत्री मा. एकनाथ शिंदे जी के हाथों नियुक्ति पत्र देते हुए शुभ कामनाएं और बधाई देकर इस पद की जिम्मेदारी दी गई, नियुक्ति पत्र तो महज एक औपचारिकता है। सौ. हेमलता लक्ष्मण शिंदे ने विश्वास दिलाया कि वह शिव सेना प्रमुख बाला



साहेब ठाकरे, धर्मवीर आनंद दिघे साहेब के हिंदुत्व विचार, शिक्षा संस्कार, संस्कार, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे साहेब की प्रेरणा से काम करेंगी ऐसा हेमलता लक्ष्मण शिंदे ने वचन दिया। मा.एकनाथ शिंदे साहब ने कहा की नियुक्ति पत्र मात्र एक औपचारिकता है, लक्ष्मण शिंदे उर्फ तात्या और हेमलता ताई शिंदे हमारे संघर्षशील नेता हैं, मा. एकनाथ शिंदे ने कहा की मेरे परम मित्र लक्ष्मण शिंदे उर्फ तात्या पिछले 35/40 वर्षों से ठाणे जिले, सातारा जिले में शिव सेना पार्टी के विकास के लिए काम कर रहे हैं लक्ष्मण शिंदे की पत्नी सौ. हेमलता लक्ष्मण शिंदे कर्तव्य निष्ट शिव सेना नेता, हमारी योद्धा, निस्वार्थ भाव से लगातार दूसरों की सेवा में कार्यरत हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे साहब ने कहा। इस अवसर पर शिव सेना महाराष्ट्र सचिव मा.संजय मोरे, शिवसेना नेता विधानसभा अध्यक्ष विधायक मा. नीलमताई गोहरे, उपनेता कलाताई शिंदे, महिला अघाड़ी की अंजलि गुप्ते, संजना प्रधान, वैशाली वधान, नम्रता भोसले, अंजना चव्हाण और अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

# अभिनेत्री, मॉडल शिवानी शर्मा ने ब्लैक पर्ल द्वारा आयोजित शो में शो स्टॉपर के रूप में वाक किया

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** शिवानी शर्मा एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी, तेलुगु सिनेमा में काम करती हैं, वह फैशन मॉडल और एन्ट्रेप्रेनर भी हैं। ब्लैक पर्ल द्वारा राष्ट्र गौरव के विषय पर समर्पित एक डिजाइनर शो 'ये शान तिरंगा है' के लिए उन्होंने वॉक किया। भारत अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है, अभिनेत्री शिवानी शर्मा कहती हैं, स्वतंत्रता केवल एक शब्द नहीं है, बल्कि एक भावना है जो उनके अंदर गहराई से गूंजती है। मेरे लिए स्वतंत्रता का मतलब ऐसे देश में रहना है जहां कोई नस्लीय भेदभाव नहीं है और पुरुषों और




महिलाओं को समान अवसर दिए जाते हैं। उनका मानना है कि भारत ने ऐसा माहौल बनाया है जहाँ व्यक्ति अपनी जाति, पंथ या लिंग से परे फल-फूल सकता है। 11 अगस्त, 2024 को ब्लैक पर्ल क्लोथिंग ब्रांड ने मुंबई के होटल ऑर्किड में एक डिजाइनर शो किया। जहाँ मॉडल ने राष्ट्र गौरव को समर्पित थीम पर आधारित डिजाइनर कपड़े पहनकर रैंप पर वॉक किया। आयोजक श्री मितेश उपाध्याय जो ब्लैक पर्ल क्लोथिंग ब्रांड के सीईओ भी हैं, ने कहा कि हमने इस कॉन्सेप्ट को अपने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बनाया है। इस शो में अभिनेत्री, मॉडल और उद्यमी शिवानी शर्मा ने शो स्टॉपर के रूप में वाक किया जबकि आरोही ढोले शो की ऑफिशियल डिजाइनर हैं। मेकअप संगीता दलवी (संगीता मेकओवर) और अनु अंकी (अंकी मेकअप आर्टिस्ट और हेयरड्रेसर) ने किया।

# 15 अगस्त के अवसर पर दरियादिल मुंबईकर सदस्यों और राष्ट्रीय सैनिक संस्था एलडब्ल्यू मुंबई यूनिट टीम के साथ 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 15 अगस्त के अवसर पर दरियादिल मुंबईकर सदस्यों और राष्ट्रीय सैनिक संस्था एलडब्ल्यू मुंबई यूनिट टीम के साथ 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। संस्थापिका माननीय डॉक्टर अर्चना देशमुख जी ने बतलाया कि हमने अपने उत्सव की शुरूआत गोरेगांव पश्चिम के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन में हमारे देश के असली नायकों पुलिस निरीक्षकों के साथ की। फिर हमने गोरेगांव पश्चिम में बीएमसी स्कूल और ब्रह्माकुमारी गार्डन का दौरा किया, वहां हमने स्कूली बच्चों के साथ



ध्वजारोहण किया और साथ ही अर्चना देशमुख जी ने ब्रह्माकुमारी गार्डन में युवाओं को संबोधित करते हुए भाषण भी दिया कि, वे हमारे देश के लिए जितना संभव हो उतना योगदान करें। हमारे राष्ट्रीय सैनिक संस्था के सदस्यों द्वारा बीएमसी स्कूल के सभी बच्चों को कुछ चीजें वितरित की गईं। मिठाइयाँ, गुब्बारे तथा बिस्किट्स वितरित किए गए। इसे पाकर बच्चे खुश हुए और कृतज्ञता महसूस की। हमने माइंडस्पेस का भी दौरा किया जहां हमने मार्च पास किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी भी दी।मोदी जी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत सदस्यो को बड़े झंडे वितरित किए गए। हमने मलाड पश्चिम में गोल्डन लीफ बैंक्वेट हॉल में एक बड़े कार्यक्रम में भी भाग लिया, जहां माधवी गुप्ताजी ने फिर से वहां मौजूद सदस्यों को बड़े झंडे बांटे। माननीय डॉक्टर अर्चना देशमुख जी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# 6 दोस्तों ने बनाई हॉरर शॉर्ट फिल्म, जिसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** टायसन न्यूटन फर्नांडीज, लिएंडर ब्रगनजा, गेब्रियल आशीर्वादम, भावेश नांदोसकर, वरुण कणसे और श्रुति पाटिल ने ब्रह्मराक्षस नामक एक लघु फिल्म बनाई, जिसे अर्बनाइट आर्ट्स एंड फिल्म फेस्टिवल, यूएसए 2024 और यूट्यूब आर्ट क्लब पावलोस पारसचकिस, ग्रीस 2024 के स्वतंत्र वीडियो फिल्म फेस्टिवल में 2 अंतर्राष्ट्रीय चयन मिले। यह कहानी एक पंडित द्वारा एक लड़के को सुनाई गई ब्रह्मराक्षस की कथा है जो अनजाने में ब्रह्मराक्षस के क्षेत्र में आ गया था। यह रचित/निर्देशित/संपादितः टायसन न्यूटन फर्नांडीज, कलाकारः टायसन न्यूटन फर्नांडीज और लिएंडर ब्रगनजा, लेखकः वरुण कणसे और श्रुति पाटिल, निर्माताः भावेश नांदोसकर, छायांकनः हर्ष डावने और लिएंडर ब्रगनजा, संगीत निर्देशकः गेब्रियल आशीर्वादम (ड्रॉपसिटी म्यूजिक), रेखाचित्रः निहाल दुबे और मृदुला पवार। यह फिल्म टाइमेम्स यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**म्हाडा और एसआरए में फ्लैट दिलाने के नाम पर 40 लोगों से ठगी**

पुलिस के अनुसार, जून 2023 में नेहरू नगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया था। जिन्होंने फ्लैट दिलाने के नाम पर पांच लोगों से 40.96 लाख रुपए लिया था। डीसीपी हेमराज सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में पुलिस उपनिरीक्षक शाहीन देसाई और उनकी टीम ने हाल ही में दो आरोपियों प्रीतम ओसवाल (40) और एस पॉल सिंह (54) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लगातार अपना ठिकाना और मोबाइल फोन बदल कर पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहे थे।

**महाराष्ट्र श्रम विभाग के सहायक आयुक्त दाभाड़े पर एफआईआर दर्ज**

नवंबर 2023 में एक समन्वयक ने पीड़िता को बताया कि आयुक्त दाभाड़े उसे पदोन्नति आदेश पर चर्चा करने के लिए अपने केबिन में बुलाएंगे। इसके बाद एक दिन उसे दोपहर में बुलाया गया, इस दौरान दाभाड़े ने कथित तौर पर उसका हाथ पकड़ लिया और वादा किया कि अगर वह उसे खुश करेगी तो उसे पदोन्नति मिलेगी। इसके बाद पीड़िता ने जब जाने की कोशिश की, तो दाभाड़े कथित तौर पर उसका रास्ता रोक दिया और उसे पीठ पर हाथ लगाया और उससे इस बारे में सोचने के लिए कहा था।

**राहुल गांधी की सभा पर मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने जताई आपत्ति**

इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी समेत महाविकास अघाड़ी के दलों के नेता भी शामिल होंगे। कांग्रेस की इस बैठक पर मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने आपत्ति जताई है। यातायात पुलिस ने हाल ही में बंद हुए सायन आरओबी का हवाला देते हुए एमएमआरडी के समक्ष आपत्ति जताई है।

**महाराष्ट्र के स्वाभिमान को बचाने की लड़ाई है...**

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की ओर से मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित किए जाने वाले, महाविकास आघाडी गठबंधन के उम्मीदवार का वह समर्थन करेंगे। महाराष्ट्र में अक्टूबर या नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। एमवीए में शिव सेना (यूबीटी), शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और कांग्रेस शामिल हैं।

दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 5

## प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार, हत्या के मामले में राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए: प्रधान

# ममता का 'वाम और राम' पर दोष मढ़ना बेहद घिनौना शर्मनाक व निंदनीय कृत्य

### मामले में देशभर में धरना प्रदर्शन, सड़कों पर फूटा लोगों का गुस्सा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि परास्नातक महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। बनर्जी ने आरोप लगाया था कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में तोड़फोड़ के पीछे विपक्षी दलों का हाथ है। प्रधान ने कहा कि बेनर्जी कि इस मामले में लीपापोती करने और अपराधियों को बचाने की कोशिश गंभीर सवाल खड़ा करती है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि बंगाल में बार-बार पूरी व्यवस्थागत विफलता देखने को मिली है। लेकिन दोष 'वाम और राम' पर लगा दिया जाता है। ममता का बयान बेहद घिनौना, शर्मनाक और निंदनीय है। ममता अपने कुशासन के लिए 'एलियंस' और परग्रहियों को भी दोषी ठहराएंगी।

#### तुष्टिकरण की राजनीति बंद करें ममता

उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति को अपनी राजनीति का आधार बनाकर ममता को अपनी घोर विफलताओं को छिपाने के लिए अभी भी भगवान राम की शरण लेनी पड़ रही है। न्याय मिलना चाहिए और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की घटना को लेकर राजनीति के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

#### ममता से न्याय में निष्पक्षता की उम्मीद नहीं

प्रधान ने कहा कि ममता से महिलाओं की सुरक्षा, त्वरित सुनवाई, न्याय और निष्पक्षता की उम्मीद करना बेमानी है। अपराध के संबंध में एक दिन बाद एक नागरिक स्वसेवी को गिरफ्तार किया गया था। अज्ञात बदमाशों ने गुरुवार की मध्य रात्रि के बाद अस्पताल में प्रवेश कर कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की थी।

### पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया



कोलकाता में सीजीओ कॉम्पलेक्स के बाहर प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ता और पुलिस कर्मी आपस में भिड़ गए। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि ममता हमें चुप कराने की कोशिश कर रही हैं। हालांकि वे कह रही हैं कि वे चाहती हैं कि दोषियों को फांसी हो, लेकिन हकीकत में वे ऐसा नहीं चाहतीं, हमारा विरोध जारी रहेगा। हम हाई कोर्ट जाएंगे। अग्निमित्रा पॉल और रूपा गांगुली ने विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। भाजपा ने ममता से इस्तीफा देने की मांग की है।

### अस्पताल में तोड़फोड़ पर हाईकोर्ट का सवाल

7 हजार लोग एक साथ पैदल कैसे घुसे?



लेडी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना के बाद अस्पताल में तोड़फोड़ पर कोलकाता हाई कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है।हाई कोर्ट ने कहा है कि बेहतर है अस्पताल को बंद कर दिया जाए। यह घटना राज्य मशीनरी की पूरी नाकामी का सबूत है। राज्य सरकार क्या कर रही है? हाई कोर्ट ने कहा कि अगर 7000 लोग एक साथ अंदर आते हैं तो यह राज्य सरकार की विफलता नहीं है? हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर 7000 लोग आ रहे थे तो पैदल तो नहीं आ सकते। मौके पर पुलिस बल मौजूद था। इसके बावजूद वह अपने ही लोगों को नहीं बचा पाए। यह दुखद स्थिति है।

#### ममता ने राम -वाम को बताया दोषी



आरजी कर बलात्कार और हत्या मामले में बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी महिला विधायकों और सांसदों के साथ सड़क पर उतरी। इस मामले में आरोपियों को फांसी देने की मांग की है। वे विधायकों और सांसदों के साथ पैदल चली। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपीएम और भाजपा ने ही अस्पताल में तोड़फोड़ की है। उन्होंने राम और वाम को जिम्मेदार बताया है।

### दिल्ली, आंध्र प्रदेश और हैदराबाद समेत कई राज्यों में 'उबाल'




दुष्कर्म और हत्या के विरोध में आंध्र प्रदेश के मंगलगिरी स्थित एम्स के जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया । दिल्ली के लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, मुंबई के नायर अस्पताल, दिल्ली के आरएमएल मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने भी धरना प्रदर्शन दिया। हैदराबाद के गांधी अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों ने प्रदर्शन किया। गुरु नानक देव अस्पताल के छात्रों ने विरोध जताया। भोपाल में गांधी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स ने धरना प्रदर्शन दिया। सिलीगुड़ी में सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया ने 12 घंटे के बंद का आह्वान किया है।

## कांग्रेस ने की 100 दिनी संविधान रक्षक अभियान की शुरुआत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



देश के संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को संविधान रक्षक अभियान के दिल्ली अध्याय की शुरुआत की। 100 दिवसीय यह अभियान 26 नवंबर तक चलेगा। अभियान की शुरुआत करते हुए कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यह जानकारी दी। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया और दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव भी मौजूद थे।

माकन ने कहा कि संविधान रक्षक अभियान को पूरे देश में चलाया जाएगा। अब तक पूरे देश में तीन लाख संविधान रक्षक बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उन्होंने खुद भी संविधान रक्षक स्वयंसेवक के रूप में नामांकन कराया है। 100 दिनों में दिल्ली की 70 विधानसभाओं में इसे लेकर जाने की योजना है।

माकन ने कहा कि संविधान के लिए चुनौतियां और खतरे अभी भी कायम हैं, क्योंकि वही लोग सत्ता में हैं जो चुनाव से पहले संविधान को बदलने की बातें करते थे। जो लोग देश के पिछड़े और दलित वर्गों को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते, वे संविधान पर हमला करते हैं। हमने देखा है किस तरह भाजपा के नेता संविधान बदलने की बातें किया करते थे। हमें अपनी जान देकर भी संविधान की रक्षा करनी है।

माकन ने कहा कि जब राहुल गांधी चुनाव में संविधान की प्रति दिखाते थे, तब उसके दो मकसद थे। पहला कि हम इस संविधान की रक्षा करेंगे। दूसरा कि यह संविधान हमारे देश के लोकतंत्र की रक्षा करता है। यही संदेश लिए राहुल बैठकों में जाते थे और इस संविधान को आगे रखकर अपनी बात किया करते थे।

अभियान के बारे में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया ने कहा कि संविधान के निर्माण के समय इसका विरोध करने वाली और इसकी प्रतियां जलाने वाली ताकतें आज सत्ता में हैं। संविधान पर लगातार खतरा मंडरा रहा है। लिलोठिया ने बताया कि संविधान रक्षक अभियान पूरे देश में आयोजित होने जा रहा है। हम इस अभियान के तहत गांव के स्तर पर संविधान रक्षक से जुड़ी समिति बनाने जा रहे हैं। हम हर गांव से दो संविधान रक्षक चुनेंगे, जिन्हें मास्टर ट्रेनर बनाया जाएगा। हम गांव के स्तर पर कई कार्यक्रम करवाएंगे, जहां संविधान पर चर्चा की जाएगी। इस अभियान का समापन 26 नवंबर को तालकटोरा स्टेडियम में किया जाएगा। इस दिन संविधान को अपनाए जाने के 75 साल भी पूरे होंगे।

वहीं दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, आज देश में जो माहौल है, उसमें बहुत जरूरी है कि हम सभी संविधान रक्षक के रूप में आगे आएं। पिछले कुछ समय से देश के संविधान पर हमला किया जा रहा है, जिससे लोगों को उनका हक न मिले। कांग्रेस पूरे देश में संविधान रक्षक अभियान चलाने जा रही है, ताकि लोगों के साथ किए जा रहे अन्याय को खत्म किया जा सके।

## पीएम मोदी आज तीसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' का करेंगे उद्घाटन

# साउथ शिखर सम्मेलन में भविष्य की चुनौतियों को लेकर की जाएगी चर्चा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत 17 अगस्त को तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस शिखर सम्मेलन का विषय है- सतत भविष्य के लिए एक सशक्त ग्लोबल साउथ। विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि इसमें पिछले सम्मेलनों में विश्व की विभिन्न जटिल चुनौतियों पर हुई चर्चाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा।

भारत 17 अगस्त 2024 को वर्चुअली तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विकासशील देशों के लिए भविष्य की चुनौतियों को लेकर इसमें चर्चा की जाएगी। शिखर सम्मेलन में पिछली बैठकों की तरह ही इस बार भी खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा संकट और जलवायु परिवर्तन जैसी जटिल चुनौतियों पर चर्चा होने की उम्मीद है। शिखर सम्मेलन के पिछले संस्करणों में ग्लोबल साउथ के 100 से ज्यादा देशों ने भागीदारी की थी। इससे पहले भारत ने बीते साल 12-13 जनवरी को पहली बार इस समिट का आयोजन किया था, तो दूसरा सम्मेलन भी बीते साल 17 नवंबर को हुआ था। इन दोनों सम्मेलनों की मेजबानी भारत ने ही की थी।

सम्मेलन में ग्लोबल साउथ के देश चुनौतियों, प्राथमिकताओं तथा अल्प विकसित और विकासशील देशों की समस्याओं, विशेषकर विकास के क्षेत्रों में समाधान, तलाशने पर चर्चा करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि पिछले दो शिखर सम्मेलनों की ही तरह यह सम्मेलन भी वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष के स्तर का होगा, जिसकी मेजबानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। शिखर सम्मेलन के पिछले संस्करणों में ग्लोबल साउथ के 100 से ज्यादा देशों ने भागीदारी की थी। वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट एक अनूठी पहल है, जिसमें वैश्विक दक्षिण के देशों को एक साथ लाने और विभिन्न मुद्दों पर एक साझा मंच पर अपने दृष्टिकोण और प्राथमिकताओं को साझा करने की परिकल्पना की गई है। पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के दृष्टिकोण से प्रेरित है, और भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन पर भी आधारित है।


फाइल फोटो

### नेपाल की शांति प्रक्रिया की सबसे बड़ी उपलब्धि: ओली



काठमांडू। नेपाल के दौरे पर आए अमेरिका के विदेश मामलों के उप मंत्री रिचर्ड आर वर्मा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की। सिंहदरबार में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में दोनों के बीच आपसी हित और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मुलाकात के दौरान अमेरिकी उपमंत्री ने नेपाल को संक्रमणकालीन न्याय प्रणाली के पूरा होने पर बधाई दी है।

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल में व्यापारिक नेताओं से मुलाकात की

प्रतिनिधिमंडल नेपाल में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, विकास पेशेवरों और व्यापारिक नेताओं से मुलाकात की। यहां पर प्रतिनिधिमंडल आर्थिक विकास, महिला सशक्तीकरण, ऊर्जा और लोगों से लोगों के संबंधों में साझा प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। भारत दौरे के दौरान अमेरिकी विदेश उप सचिव वर्मा नई दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों, जलवायु नेताओं और एयरोस्पेस शिक्षाविदों के साथ ही उद्योग प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। इस दौरान अमेरिका-भारत साझेदारी को और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक विकास, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु नीति के साथ ही एसटीईएम शिक्षा हित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार भारत-नेपाल दौरे पर विदेश उप सचिव वर्मा के साथ भारत दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय जलवायु नीति के लिए राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार जॉन पोडेस्टा और अमेरिकी ऊर्जा विभाग के उप सचिव डेविड तुर्क उनके साथ रहेंगे।

### खबर संक्षेप

#### सट्टेबाजी में 400 करोड़ की धोखाधड़ी, चार गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** ईडी ने ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के जरिये 400 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि चीनी नागरिक ये एप कथित तौर पर कुछ भारतीयों के साथ मिलकर चला रहे थे। एजेंसी ने अरुण साहू, आलोक साहू, चेतन प्रकाश और जोसेफ स्टालिन को गिरफ्तार किया है। पीएमएलए के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है।

## आतंकी बुरहान वानी के समर्थक माने जाने वाले तारिक हामिद कर्रा अब जम्मू कश्मीर के नए प्रदेश अध्यक्ष बने

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

तारिक हामिद कर्रा जम्मू कश्मीर के नये कांग्रेस अध्यक्ष होंगे। कभी पीडीपी की टिकट से श्रीनगर से लोकसभा सांसद रहे कर्रा ने 2017 में पीडीपी और लोकसभा की सदस्यता से तब इस्तीफा दे दिया जब हिजबुल मुजाहीद्दिन के आतंकी बुरहान वानी को मारे जाने के खिलाफ सूबे में पनप रहे रोष को सुरक्षाकर्मियों ने कथित रूप से कुचलने का काम किया। बाद में उन्होंने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली थी। कर्रा की सियासी दमखम का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें संगठन के सबसे ताकतवर और सर्वोच्च निर्धारक समिति सीडब्लूसी का स्थायी आमंत्रित सदस्य बनाया हुआ था। कर्रा चूंकि घाटी से हैं इसीलिए बैलेंसिंग एक्ट के तहत कांग्रेस पार्टी ने जम्मू के दलित नेता विधानसभा अध्यक्ष रहे ताराचंद और पंजाबी बिरादरी के जम्मू के नेता रमन भल्ला को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है।



ताराचंद 2022 में पांच दर्जन कांग्रेसियों के साथ गुलामनबी आजाद की पार्टी में शामिल हो गये थे, अब उनके दिन फिर बहुरे हैं। देर ही सही कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक ढांचे को चुनावी प्रदेशों में कसने का काम शुरू कर दिया है। इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जम्मू कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल वानी को राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद चलता कर दिया। शीर्ष नेतृत्व उनसे इसीलिए नाराज था कि उन्होंने बिना शीर्ष नेतृत्व की सहमति के महबूबा मुफ्ती और फारुख अब्दुल्ला के दल, पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की औपचारिक घोषणा कर दी थी। उसके बाद कांग्रेस के भीतर सूबे में असंतोष पनपा था। उनके हटाए जाने के कयास कुछ दिनों से लगाए जा रहे थे, लेकिन चुनाव के एन वक्त पर इसकी घोषणा होगी, इसका अनुमान किसी को नहीं था। विकार रसूल वानी अब सीडब्लूसी में विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। माना जा रहा है कि जम्मू कश्मीर के नये कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में तारिक हामिद कर्रा की नियुक्ति के बाद पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन और सीट बंटवारे को नई धार मिल सकेगी। विपक्ष, खासकर भाजपा को बैठे बिठाये चुनाव के समय एक मसाला मिल गया।

### नई दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आज

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिवों के साथ की अहम बैठक

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार देर शाम दिल्ली में अपने आवास पर पार्टी महासचिवों की बैठक की अध्यक्षता की। शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नई दिल्ली में होने वाली बैठक के संदर्भ में विचार विमर्श नड्डा ने महासचिवों के साथ किया। इस बैठक में महासचिव संगठन बीएल संतोष, अरुण सिंह, विनोद तावड़े, दुष्यंत कुमार गौतम और तरुण चुग समेत सभी अन्य महासचिव उपस्थित रहे।



हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही भाजपा नेतृत्व ने अपनी चुनावी रणनीति और चुनाव प्रबंधन पर चर्चा की। साल के अंत तक महाराष्ट्र और झारखंड में भी विधानसभा चुनाव होने हैं। इन दोनों राज्यों को लेकर भी भाजपा कमर कसे हुए है। शनिवार को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में पार्टी संगठन को लेकर चर्चा और मंथन होगा। नड्डा का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। पार्टी को नया अध्यक्ष चुनना है। साथ ही कुछ राज्यों में संगठन के चुनाव होने हैं। सदस्यता अभियान पर भी योजना तय होगी। बैठक में भाजपा के सभी प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव संगठन भी हिस्सा लेंगे। राज्यों में संगठन से जुड़े मसलों, भाजपा शासित राज्यों में संगठन और सरकार के बीच तालमेल पर भी बैठक में चर्चा होगी।

### समुद्री क्षेत्र में और अधिक मजबूत होंगे दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध

## नौसेना के जंगी युद्धपोत तबर की स्वीडन यात्रा संपन्न हुई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

नौसेना के अग्रिम पंक्ति के जंगी स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस तबर की स्वीडन (गोथेनबर्ग) यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। भारत और स्वीडन मजबूत द्विपक्षीय कूटनीतिक संबंधों को साझा करते हैं। जिनका दायरा अलग-अलग क्षेत्रों तक फैला हुआ है। इसमें रक्षा संबंध भी शामिल हैं।

नौसेना ने बताया कि तबर युद्धपोत की यह यात्रा दो दिवसीय थी। जिसकी शुरुआत 14 अगस्त को हुई थी। कैप्टन एमआर हरीश के नेतृत्व में यह युद्धपोत बीते बुधवार को स्वीडन के गोथेनबर्ग पहुंचा था। इसकी यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक गहरा बनाना और समुद्री सहयोग को मजबूत बनाने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान करना था।



#### मजबूत होगी द्विपक्षीय भागीदारी

यहां बता दें कि स्वीडन से पहले नौसेना के तबर युद्धपोत ने लंदन में समुद्री युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया था। नौसेना ने बताया कि स्वीडन में तबर युद्धपोत के चालक दल ने कई द्विपक्षीय व्यावसायिक गतिविधियों में भाग लिया। जिसमें दोनों नौसेना के बीच किया गया अच्छी आदतों का आदान-प्रदान शामिल है। भारतीय नौसेना विश्व के अन्य देशों की नौसेनाओं के साथ अपनी भागीदारी को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

#### स्वीडन में मनाया स्वतंत्रता दिवस

नौसेना के मुताबिक, आईएनएस तबर के गोथेनबर्ग पहुंचने पर भारत के रक्षा अताशे ग्रुप कैप्टन अमित बुधावर और युद्धपोत के कमांडिंग अधिकारी कैप्टन एमआर हरीश की मौजूदगी में भारत की आजादी की 78वीं वर्षगांठ का जश्न मनाया गया। दोनों अधिकारियों ने 7.7 किलोमीटर की एक दौड़ को भी हरी झंडी दिखाई। इसमें भारत और स्वीडन के 77 सशस्त्र बल कर्मियों ने भाग लिया। तबर युद्धपोत कई महत्वपूर्ण युद्धक हथियारों और सेंसरों से लैस है। इसका संबंध नौसेना के पश्चिमी बेड़े से है। जिसका मुख्यालय मुंबई में है। गोथेनबर्ग पहुंचने पर तबर युद्धपोत ने स्वीडन की नौसेना के पोत एचएमएस म्युंतर के साथ समुद्री भागीदारी युद्धाभ्यास में भी भाग लिया।

# सांसद वर्षाताई गायकवाड के मुंबई न्याय यात्रा को मिल रहा लोगों का भारी प्रतिसाद

## गोलीबार में हाजी इब्राहिम भाईजान ने किया सांसद वर्षाताई गायकवाड का नागरीक सत्कार

**मुंबई।** विधानसभाचुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टीयां सक्रिय हो गई है। मुंबई कांग्रेस अध्यक्षा एंव सांसद वर्षा गायकवाड़ के नेतृत्व में मुंबई के अलग अलग इलाको में मुंबई कॉंग्रेस कमिटी कि अध्यक्षा एंव सांसद प्रा। वर्षा एकनाथ गायकवाड ने मुंबई न्याय यात्रा शुरू की गयी है। इस मुंबई न्याय यात्रा को लोगो का भारी प्रतिसाद मिल रहा। जगह जगह हो रहा मुंबई न्याय यात्रा के कॉंग्रेस के नेताओ का सत्कार। इसी के चलते हुए 15 अगस्त को श्याम 5 बजे वषार्ताई कि मुंबई न्याय यात्रा सांताक्रुज के गोलीबार नाके पर पहुची जहा मायनॉरीटी कॉंग्रेस के मुंबई अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान ने और कॉंगेस के पदाधिकारीयों ने वर्षा एकनाथ गायकवाड और कई नेताओ का शाल और हार अर्पण करते हुए वर्षाताई गायकवाड का और सभी नेतोओ का भव्य नागरीक सत्कार हाजी इब्राहिम भाईजान ने किया। बाता दे कि मुबई न्याय यात्रा यह सांताक्रुज के गोलीबार नाका गुलशन होटल से शुरूआत कि गई है जो कि नॅशनल स्कूल



के पास समाप्त हुई। गोलीबार नाके पर वर्षा ताई गायकवाड और वरिष्ठ नेताओं का हाजी इब्राहिम भाई जान ने किया स्वागत वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कयूम तंबोली ने मंच पर सूत्रसंचालन किया। इस न्याय यात्रा में हजारो कि संख्या में मुस्लिम समाज के लोगो ने भाग लिया। मुंबई में हर इलाके मे हो रहा सांसद वषार्ताई का स्वागत। लोगो में दिख रहा उत्साह मुंबई न्याय यात्रा को मिल रहा लोगो का भारी प्रतिसाद।इसी के चलते 15 अगस्त स्वातंत्र दिन के अवसर पर मुंबई कॉंग्रेस अध्यक्षा सांसद वषार्ताई गायकवाड का गोलीबार में गुलशन होटल के पाससे मुंबई न्याय यात्रा कि पैदल पदयात्रा कि शुरूआत हुई। यात्रा के दौरान सांसद एंव मुंबई कॉंग्रेस अध्यक्षा वर्षाताई गायकवाड के साथ पूर्व मुंबई कॉंग्रेस अध्यक्ष विधायक भाई जगताप जी पूर्व सांसद हुसैन दलवाई मुंबई प्रदेश कॉंग्रेस मॉयनॉरीटी के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान, कॉग्रेस के प्रवक्ता सचिन सावंत, अर्जुनसिंग, वरिष्ठ कॉग्रेसी नेता कय्युम तांबोली, उत्तर मध्य जिला युथ कॉंग्रेस अध्यक्ष फहिम इब्राहिम शेख, सहित बडी संख्या में कॉग्रेस के पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुंबई न्याय यात्रा का आगमन गोलीबार के अमन डेअरी के पास हुआ गोलीबार की जनता से संवाद साधा। अमन डेअरी के पास मुंबई प्रदेश कॉंग्रेस मॉयनारीटी के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान के उपस्थिती में मुंबई प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी मॉयनॉरीटी के उपाध्यक्ष पत्रकार जफरसिद्दीकी और उनकी पत्नी कौसर सिद्दीकी ने शाल और बुके देकर वर्षा ताई का और हाजी इब्राहिम भाईजान का स्वागत किया इस वक्त गोलीबार के सामाजिक कार्यकर्ता और कॉंग्रेस के पदाधिकारीयों ने जिसमें गुलफाम खान, उसमान लाला, मुज्जू भाई आसिफ कुरेशी सलीम खान जावेद अंसारी अनवर आलम सिद्दीकी रिजवान कुरैशी इर्शाद काजी नईम शेख इन पदाधिकारीयों ने सांसद वषार्ताई गायकवाड और कॉंगेस के वरिष्ठ नेताओ का शाल और बुके देकर मुंबई न्याय यात्रा का सम्मान किया। और सांसद वषार्ताई गायकवाड को गोलीबार के लोगो ने अपनी अपनी समस्याए बताई। इस वक्त मुस्लिम समाज कि ओर से पत्रकार जफरसिद्दीकी ने सांसद वर्षाताई गायकवाड को हाजी इब्राहिम भाईजान के लिए बांद्रा पूर्व विधानसभा क्षेत्र से कॉंग्रेस कि उमेदवारी मांग कि है। इस वक्त शेकडो कार्यकर्ता मौजुद थे।

# बाकोलिया का हुआ स्वतंत्रता दिवस पर सम्मान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बीकानेर** नगर निगम मे 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीकानेर कि प्रथम नागरिक महापौर श्रीमति सुशीला कंवर राजपुरोहित, नगर निगम बीकानेर उप महापौर राजेन्द्र पंवार, नगर निगम आयुक्त अर्पिता सोनी के द्वारा पुष्पा जन कल्याण फाउंडेशन चैयरमेन कैलाश बाकोलिया का समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मान किया गया बाकोलिया ने गरीब परिवार कि 100 से अधिक लडकियो का शादी करवाने, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रक्तदान शिविर,महिला सम्मान समारोह, प्रतिभा सम्मान समारोह आदि आयोजन करते रहते है।

## ऑल इंडिया मीडिया क्लब महिला विंग ने मनाया लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस और किया वृक्षारोपण

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लखनऊ में ऑल इंडिया मीडिया क्लब की जॉइन सेक्रेटरी व शैल गर्ल्स हॉस्टल अलीगंज लखनऊ संचालिका आरती मिश्रा ने अपनी टीम के साथ स्वतंत्रता दिवस धूमधाम



से मनाया ध्वजारोहण के बाद वृक्ष रोपण का कार्य भी हुआ। जॉइन सेक्रेटरी आरती मिश्रा ने तमाम पत्रकार साथियों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बधाई दी और देश को हरा-भरा रखने के लिए बालिकाओं को पेड़ लगाने के लिए प्रेरणा दी और साथ में पेड़ लगवाए ताकि हर भारतीय नागरिक में एक पेड़ लगाने की परंपरा जागे और हर वर्ष हर नागरिक कम से कम एक पौधा अपने हाथों से जरूर लगाए। जिस से हम और हमारा राष्ट्र स्वास्थ्य और मजबूत होगा। बाद में मिठाई और फलों का वितरण किया गया।

# मुंबई के विक्रोली पार्कसाइड के मटन विक्रेता के बेटे ने सीए बनकर रचा इतिहास

## विक्रोली पार्क साईट के हारुण खान ने नदीम कुरैशी का किय सीए बनने पर सत्कार, अपनी सभी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे नदीम कुरैशी के घर पर और बधाई दी



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई** के विक्रोली पार्कसाइड में एक प्रेरणादायक कहानी ने सबका ध्यान खींचा है। यहां के एक मटन बेचने वाले के बेटे ने अपनी मेहनत और लगन से चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) की परीक्षा पास कर अपने माता-पिता का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। यह कहानी केवल किसी सपने जैसी नहीं है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि निरंतर प्रयास और कड़ी मेहनत से किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है। इस छात्र को शुरू में परीक्षा में सफलता नहीं मिली। कई बार असफलता का सामना करने के बाद भी, उसने हार नहीं मानी और दिन-रात मेहनत कर अपने सपने को साकार किया। विक्रोली पार्कसाइड के इस युवा ने अपने पिता के व्यवसाय से कुछ अलग कर दिखाने का निर्णय लिया था। उसके माता-पिता ने हमेशा उसे पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया, और उनकी मेहनत रंग लाई। आज यह बच्चा सिर्फ अपने परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे महाराष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। इस कामयाबी ने पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल पैदा कर दिया है। इस बच्चे की सफलता की कहानी ने साबित कर दिया है कि परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों, सच्ची मेहनत और संकल्प से सब कुछ संभव है।

# उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक ने अपने नेटवर्क को मजबूत बनाते हुए अपनी नई शाखा गोरेगांव में खोली

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) ने आज मुंबई के गोरेगांव (पश्चिम) में अपनी नई शाखा की शुरू की। इस नई शाखा की शुरूआत से, महाराष्ट्र में कुल शाखाओं की संख्या छिहत्तर (76) और देश भर में कुल संख्या 931 तक पहुंच गई है। वर्तमान में मुंबई में हमारी शाखाएं अंधेरी(पू.), भायंदर, बोरिवली (प), चैंबूर (पू), दादर (प), घाटकोपर (पूर्व), कांदिवली (प), खारघर, मलाड (प), मीरारोड, मुलुंड (प), नेरूल, पालघर, सांताक्रूज (पू), ठाणे (जीबी रोड और नौपाडा), विले पार्ले (पू), वडाला, वसई, विरार, उल्हासनगर में हैं। इस शाखा का उद्घाटन श्री नागेश दिनकर पिंगे, निदेशक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने किया। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए श्री पिंगे ने कहा, बैंक ने अपने विकास के लिए सही रास्ते का चुनाव किया है। गोरेगांव (प) की इस नई शाखा का मतलब है कि बैंक ने व्यापक वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराते हुए न केवल आधुनिक बैंक का अनुभव दिया है बल्कि कस्टमर सेवाओं के मामले में भी उत्कृष्ट मिसाल पेश की है। इस नई शाखा की शुरूआत के अवसर पर बोलते हुए उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, हमें इस बात की खुशी है कि हमारे बैंकिंग नेटवर्क




का विस्तार देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में हो रहा है। नई शाखा का खुलना इस बात का उदाहरण है कि हम राज्य में अपना विस्तार कर उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। गोरेगांव, (पश्चिम) अपनी रौनक और तेजी से उभरते उपनगर और व्यावसायिक और रहिवासी विकास के लिए मशहूर है, जहां विकास के सभी तरह के सभी अवसर उपलब्ध हैं। इस नई शाखा से न सिर्फ स्थानीय वर्ग के लोगों को अच्छी बैंकिंग सेवाएं मिलेंगी बल्कि इससे आर्थिक विकास में तेजी, आर्थिक कार्यों को प्रोत्साहन मिलेगा, और यहां के स्थानीय निवासी इसका फायदा ले सकेंगे। बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद- जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है। बैंक के पास बहुत ही अच्छा बैंकिंग आउटलेट इंफ्रास्ट्रक्चर है, डिजिटल बैंकिंग की सुविधाएं और एटीएम का नेटवर्क है जिससे बैंक अपने ग्राहकों को हर तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम है। इसके अलावा बैंक दूसरे तरह की सुविधाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और काल सेंटर की सेवाएं भी उपलब्ध कराती है।

# रोजाना सिर्फ 5 मिनट करें पावर योग, चेहरे पर आएगा निखार



योग हमारी हेल्थ के लिए कितना अच्छा होता है, ये बात हमें शायद आपको बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि आज लगभग हर महिला जानती हैं कि योग उनके तन-मन के लिए कितना फायदेमंद होता है। साथ ही ये बालों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं है लेकिन आज हम आपको पावर योग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सिर्फ 5 मिनट करके ना केवल आप लंबे समय तक हेल्दी रह सकती हैं बल्कि आपके चेहरे पर स्पेशल निखार भी आने लगेगा। इसे करने से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज एक साथ हो जाती है। सिर्फ 5 मिनट पावर योग से आप खुद को फिट रख सकती हैं। पावर योग एरोबिक्स की तरह है क्योंकि इसमें मूवमेंट अन्य योग क्रियाओं से तेज होती हैं। अगर आप हर रोज सिर्फ 5 मिनट भी पावर योगा कर लेंगी तो आपको अपनी बॉडी में बहुत जल्दी ही बदलाव महसूस होने लगेगा। आज हम आपको सूर्य नमस्कार के अलावा ऐसे 3 पावर योग के बारे में बताएंगे जिन्हें करने से ना केवल आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी बल्कि चेहरे पर स्पेशल ग्लो भी देखने को मिलेगा।

**सूर्य नमस्कार**

हेल्थ के प्रति जागरूक महिलाओं के लिए सूर्य नमस्कार एक वरदान है। इससे न केवल एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है बल्कि पेट की मसल्स भी सही शेप में आ जाती है। इसके अलावा सूर्य नमस्कार रेगुलर करने से महिलाओं के पीरियड्स से जुड़ी सभी प्रॉब्लम दूर होती है, शरीर में लचीलापन आता है, पेट ठीक रहता है, चेहरे पर गजब का निखार आता है और यह झुर्रियां आने से रोकता है जिससे आप लंबे समय तक जवां और खूबसूरत दिखती है। सूर्य नमस्कार को सुबह के समय सूरज की ओर चेहरा करके ही करना चाहिये क्योंकि सूरज हमें एनर्जी प्रदान करता है।

**धनुरासन**

धनुरासन को भी पावर योग ही माना जाता है। इसे करने से बॉडी अच्छे से डिटॉक्स हो जाती है, जिससे मुंहासों का आना कम हो जाता है और स्किन पर गजब का निखार आने लगता है। इस आसन को करने से पेट का फैट कम होता है और स्किन पर ग्लो आता है। इस पावर योग को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाए। दोनों पैरों को मिलाकर घुटनों से मोड़ें। फिर दोनों हाथों को पीछे ले जाकर दोनों पैरों को टखनों से पकड़ें और सांस बाहर छोड़ते हुए पैरों को खींचें। साथ-साथ सिर को पीछे की ओर ले जाने की कोशिश करें। शरीर का सारा वजन आपकी नाभि पर होना चाहिए। सांस खींचते हुये पकड़ ढीली करें। यह क्रिया, कई बार करें।

**अधोमुखश्वानासन**

इस योगाभ्यास को करने से चेहरे का ब्लड फ्लो बेहतर होने से स्किन पर ग्लो आता है। साथ ही मसल्स एक्टिव होते हैं। शायद आपको पता नहीं इस योग के रोजाना अभ्यास से पैर और गर्दन का स्ट्रेस भी कम होता है और पैरों को आराम मिलता है। इसे करने के लिए आप दोनों हाथों और घुटनों पर खड़े हो जाए। फिर सांस छोड़ते हुए हिप्स को ऊपर की ओर उठाए और कोहनी और घुटनों को सीधा रखें। जितना संभव हो उतना हाथों और पैरों को सीधा रखें। अपनी हथलियों को जमीन पर सीधा रखे और कंधों से दूर रखे, पैरों को हथलियों के समांतर रखे।

**हस्तपदासन**

यह आसन भी सूर्य नमस्कार में शामिल हैं। जी हां हस्तपदासन सूर्य नमस्कार के तीसरे नंबर का आसन है। ये आसन शुरू करने से पहले सीधे खड़े हो जाए उसके बाद ये आसन करें। हाथों को सिर के पास ले जाएं तथा उसके बाद आराम-आराम से नीचे की ओर झुकना है। पूरे शरीर का वजन दोनों पैरों पर होना चाहिए। सांस छोड़ते रहे और घुटनों के पास सिर लगाए। दोनों हाथ फर्श पर स्पर्श होने चाहिए। इस आसन को करने से आपके फेस का ब्लड फ्लो बढ़ता है जिसके कारण आपके चेहरे पर अलग तरह का ग्लो आ जाता है। इस आसन को करने से पीठ और हैमस्ट्रिंग में इंटेस स्ट्रेच होता है। इसको करते समय पैर सीधा और सांस लेने का तरीका सही होना चाहिए।



# स्किन और बालों के लिए वरदान है नीम, जानिए इसके अनगिनत फायदे

गर्मी के मौसम ने हलकी-फुलकी दस्तक दे दी है। बस कुछ ही दिनों में मौसम में काफी बदलाव दिखाई देगा। गर्मी का मौसम अपने साथ बहुत सारी हैल्थ और ब्यूटी प्रॉब्लम्स भी लेकर आता है क्योंकि इस मौसम में पसीना काफी निकलता है जिससे ब्यूटी और हैल्थ इंफैक्शन ज्यादा जल्दी होता है। ऐसे मौसम में ऐसी चीजों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है जो इन वायरस इंफेक्शन्स से आपको बचाए गए। जिसमें से एक है नीम। स्वाद में भले ही यह कड़वी होती है लेकिन इसके एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल गुण आपको एंटीपाइरेटिक, एंटीऑक्सीडेंट और एंटीप्रोटोजोअल गुण प्रदान करते है। आयुर्वेद में नीम, सदियों से उपयोगी औषधि के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। खून साफ करने से लेकर यह बालों के लिए बेस्ट माना जाता है। इसके पत्तों का रस पीने से कीटाणु नष्ट हो सकते हैं। चलिए आज हम आपको नीम के अलग-अलग फायदों के बारे में बताते हैं।

**स्किन के लिए: मुंहासे, दाग-धब्बे, रिंकल्स और चमक**

बहुत से लोग रिंकल्स, पिंपल्स और उसे दाग-धब्बों से परेशान रहते हैं। उन लोगों के लिए नीम वरदान है। इसकी पत्तियों को पीसकर पेस्ट तैयार करें और चेहरे पर लगाएं। इससे चेहरे पर एकस्ट्रा तेल नहीं निकलेगा जिससे मुंहासे नहीं होंगे साथ ही इसके एंटी-एजिंग गुण रिंकल्स को दूर रखते और चेहरे को साफ-सुथरा ग्लोइंग बनाते हैं। आप नहाने में नीम साबुन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**बालों के लिए: डैंड्रफ, मजबूती और चमक**

नीम का रस बालों में लगाने से आपके बालों को मजबूती और चमक मिलती है। नीम के तेल की मालिश करने से हेयर ग्रोथ तेजी से होती हैं साथ ही बालों को मजबूती मिलती है। आप नीम के पाउडर को पानी में मिलाकर बालों में लगाएं फिर थोड़ी देर ऐसे ही छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। ऐसा करने से बालों से डैंड्रफ भी खत्म हो जाएगी। यह एक अच्छा हेयर कंडीशनर भी है।

**पेट के लिए: कीड़े, दस्त** - पेट की समस्याओं में भी आप नीम कमाल के फायदे पहुंचा सकती हैं। नीम रस को शहद में मिलाकर पीने से आपके पेट के सारे कीड़ें मर जाएंगे। इसकी पत्तियों को सुखा लें और शक्कर के साथ मिलाकर खाने से आपको दस्त से आराम मिलेगा।

**जली स्किन के लिए: घाव व निशान** - कई बार खाना बनाते समय या किसी अन्य कारण शरीर का कोई अंग जल जाए तो तुरंत उस जगह पर नीम की पत्तियों को पीसकर लगा लें। जल्द आराम मिलेगा। निशान भी चले जाएंगे।

**कान दर्द से राहत** - कान दर्द की शिकायत हैं तो नीम का तेल इस्तेमाल करना काफी फायदेमंद रहेगा। कई लोगों में कान बहने की भी बीमारी से भी परेशान रहते हैं ऐसे लोगों के लिए भी नीम का तेल एक कारगर उपाय है।

**दांतों के लिए** - पहले लोग नीम की दातुन ही करते थे लेकिन अब जल्दी और आसानी के लिए लोग टूथपेस्ट और ब्रश इस्तेमाल करते हैं लेकिन नीम दातुन करने के अपने ही लाजवाब फायदे हैं। नीम की दातुन पायरिया प्रॉब्लम दूर करने में सबसे बेस्ट उपाय है।

**फोड़े-फुंसियां करें ठीक** - खून साफ न होने की वजह से फोड़े-फुंसियां की समस्या रहती हैं। वहीं जो लोग ज्यादा मीठा खाते हैं उन्हें भी स्किन की यह प्रॉब्लम रहती हैं। उन्हें नीम पत्तियां पीस कर प्रभावित जगह पर लगानी चाहिए। इसके पानी से नहाने से भी ऐसी प्रॉब्लम दूर रहती हैं पानी में नीम की पत्तियां डालें और इसे उबाल लें इस पानी को बाकी पानी में मिलाकर नहाने में यूज करें।

**नीम फामूर्ला से दूर करें स्टोन प्रॉब्लम** - स्टोन यानि पथरी की शिकायत है तो लगभग 150 ग्राम नीम की पत्तियों को 1 लीटर पानी में उबाल लें, फिर इस पानी को थोड़ा ठंडा होने के बाद पी लें। रोजाना ऐसा करने से आपके किडनी स्टोन निकल जाएगा।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रणवीर ने पूजा संग रिश्ते पर 25 साल बाद तोड़ी चुप्पी

बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 में नजर आए बॉलीवुड अभिनेता रणवीर शौरी भले की शो न जीत पाए हो, लेकिन लोगों का दिल उन्होंने खूब जीता। एक्टर शो में टॉप 3 कंटेस्टेंट में शामिल हुए थे। शो में  अभिनेता ने कहा था कि उन्हें पर्दे पर काम नहीं मिल रहा, जिसके चलते वह इस शो का हिस्सा बने है। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा था कि उन्हें 25 लाख चाहिए, ट्रॉफी भले ही कोई और ले ले। अब एक बार फिर अभिनेता चर्चा का विषय बने हुए हैं। उन्होंने एक्ट्रेस पूजा भट्ट संग ब्रेकअप पर चुप्पी तोड़ी है। रणवीर शौरी आज भले ही अपनी जिंदगी में अकेले हो, लेकिन उन्होंने एक्ट्रेस कोंकणा सेन शर्मा संग शादी रचाई थी। कोंकणा से पहले उनका नाम आलिया भट्ट की बहन पूजा भट्ट से भी जुड़ा था। दोनों ने 2000 में डेटिंग की थी।



एक्टर हाल ही में सिद्धार्थ कन्नन के शो में नजर आए। जहां उन्होंने उन पर लगे अपमानजनक आरोपों को खारिज किया है। बता दें, पूजा भट्ट ने दावा किया था कि रणवीर ने उनके साथ शारीरिक रूप से दुर्व्यवहार किया था। हालांकि, अब अभिनेता ने इन सारे आरोपों का खंडन किया है। एक्टर से जब भट्ट परिवार के साथ उनके मतभेदों के बारे में पूछा गया। तो इस पर शौरी ने कहा, उनके संघर्ष के दौरान उन्हें पूजा द्वारा छेड़छाड़ महसूस हुई थी।




# 'दलपति 69' में विजय के साथ बनेगी सामंथा की जोड़ी?

साउथ सुपरस्टार विजय अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गोट: ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसके साथ ही वे अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। राजनीति में पूरी तरह से प्रवेश करने से पहले 'दलपति 69' अभिनेता के करियर की आखिरी फिल्म मानी जा रही है। हाल ही में फिल्म फिल्म से सुपरस्टार कमल हासन का नाम जुड़ने की खबर आई थी। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है, जो इसकी शूटिंग और फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर है। फिल्मों में अपने लंबे ब्रेक से पहले विजय अपने 69वें प्रोजेक्ट के लिए निर्देशक एच विनोट के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं।

बहुप्रतीक्षित फिल्म का अस्थाई 'दलपति 69' रखा गया है, जिसके आधिकारिक शीर्षक का भी इंतजार है। रिपोट्र्स के अनुसार, यह फिल्म अब जल्द ही शुरू होने वाली है।

बहुप्रतीक्षित परियोजना का आधिकारिक लॉन्च विजय की अगली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की रिलीज के तुरंत बाद होने की उम्मीद है।

फिल्म को लेकर ताजा जानकारी यह सामने आ रही है कि निर्देशक एच विनोट और उनकी टीम अक्तूबर 2024 में विजय अभिनीत आगामी फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। इस परियोजना को एक्शन के साथ एक पूरी तरह से राजनीतिक थ्रिलर माना जाता है। फिल्म में विजय को पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में दिखाने की उम्मीद है।



भले ही विजय और विनोट ने आधिकारिक तौर पर परियोजना की घोषणा नहीं की है, लेकिन अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी के पहले ऑनस्क्रीन सहयोग से उम्मीदें बढ़ गई हैं। रिपोट्र्स के अनुसार, विजय 'दलपति 69' की आधिकारिक घोषणा 'द गोट' की रिलीज के बाद ही करने की योजना बना रहे हैं। वेंकट प्रभु निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द गोट' 5 सितंबर, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। दावा किया जा रहा है कि विजय किसी भी अन्य बड़ी घोषणा के साथ 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' की लाइमलाइट को इसके रिलीज होने तक नहीं छीनना चाहते हैं। यही कारण है कि 'दलपति 69' की आधिकारिक घोषणा अक्तूबर 2024 में ही होगी। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल इस अनाम फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोट्र्स के अनुसार, सामंथा रुथ प्रभु को फिल्म में विजय के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है।



# 'तुमको मेरी कसम' फिल्म से वापसी कर रहीं हैं ईशा देओल

ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी और हीमैन धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल की निजी जिंदगी काफी उलझनों भरी रही है। भरत तख्तानी के साथ इस साल उनका रिश्ता टूटा है। करीब 12 साल शादी में रहने के बाद इस साल फरवरी में दोनों ने तलाक ले लिया। इस मुश्किल वक्त से गुजरने के बाद ईशा की जिंदगी अब धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है। वे विक्रम भट्ट की फिल्म से परदे पर वापसी करने जा रही हैं। हाल ही में वे इससे जुड़े इवेंट में शामिल हुईं। इस फिल्म का नाम 'तुमको मेरी कसम' है। ईशा देओल की आगामी फिल्म को विक्रम भट्ट बना रहे हैं। इसमें ईशा के साथ-साथ अभिनेत्री अदा शर्मा, अनुपम खेर और इश्वाक सिंह भी नजर आएंगे।

विरल भियानी के इंस्टाग्राम हैंडल से एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें ईशा देओल को फिल्म से जुड़े एक इवेंट में जाते दिखाया गया है। ईशा देओल मंच पर अदा शर्मा के साथ नजर आ रही हैं। इसके अलावा अन्य सितारे भी मौजूद हैं। विक्रम भट्ट ने अपनी एक या दो नहीं, बल्कि पूरी चार फिल्मों का एलान किया है। 'तुमको मेरी कसम' के अलावा वे 'रण', 'विराट', 'तू मेरी पूरी कहानी' में बना रहे हैं। फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में ईशा लीड भूमिका निभाती नजर आएंगी। सामने आई वीडियो में ईशा काफी शानदार लुक में नजर आ रही हैं। ईशा को यूं काम पर वापसी के लिए तैयार देख फैंस उत्साहित हैं। कमेंट बॉक्स में अभिनेत्री को शुभकामनाएं दे रहे हैं। साथ ही उनके लुक की भी तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सो ब्यूटीफुल, सो एलीगेंट'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आप मजबूत हैं। इसी मजबूती से फिल्मों में छा जाइए'।